52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 18.6°c अधिकतम 32.1 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:21 सूर्यास्त : 5:47 | वर्ष : 52/ अंक : 287 बुधवार, 16 अक्टूबर 2024 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

सच्ची मित्रता वही होती है, जो आपके सुख या दुख को नहीं देखती, वो हर समय उपस्थित रहती है ।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

गिनती शुरू होते ही 8 बजकर 5 मिनट और 10 मिनट पर परिणाम आने लगते हैं, ये नॉनसेंस है : चुनाव आयोग

इस नॉनसेंस को रोके जाने का भी कोई चांस नहीं है.........

# कुत्तों का मुंह चाटता दिखा किशोर, दृश्य देखकर सिहर गए लोग

**ना 108 एम्बुलेंस ने उठाया फोन, ना ही किसी डॉक्टर ने लिया कोई संज्ञान**



**मुजफ्फरनगर, 15 अक्टूबर (बु.)।** नगर के प्रकाश चौक पर ऋषि स्वीट्स के सामने वाली गली में लोगों को दिल को झकझोर देने वाला दृश्य जब दिखाई दिया तो उन्होंने बुलेटिन को इसकी सूचना दी। दरअसल एक किशोर पहले गाड़ी के ऊपर ठीक कुत्ते के अंदाज में बैठा हुआ दिखाई दिया। पहले लोगों ने समझा कि उक्त बालक शायद मंदबुद्धि है, इस कारण वह ऐसी हरकत कर रहा है, उन्होंने वीडियो बनाकर बुलेटिन को इसकी सूचना दी तो बुलेटिन टीम वहां पहुंची और किशोर और कुत्तों के दृश्य देखकर सिहर गयी। एक बार के लिए आंखे नम हो गयी जब यह देखा कि उक्त किशोर कुत्तों के मुंह को चाट रहा है। टीम ने जब उसे कुत्तों के पास से हटाने का प्रयास किया तो उसने टीम को गुर्राना शुरू कर दिया। इसके बाद उसे बिस्कुट देने की कोशिश की गयी तो किशोर ने बिस्कुट लेकर भी कुत्तों के साथ साझा किया। किशोर कभी गाड़ी पर चढ़ता तो कभी कुत्तों के साथ उनकी तरह खेलता दिखाई दिया। इस बीच बुलेटिन द्वारा जिला चिकित्सालय को सूचना दी गयी तो वहां से जवाब मिला कि हेल्प लाइन नम्बर 108 पर कॉल कर दीजिए। 108 पर कॉल करने के बाद वहां कॉल नहीं लगी, इतने में प्रकाश चौक वाली गली से निकलकर लगभग चार पांच कुत्तों के साथ उक्त किशोर भी मीनाक्षी चौक की ओर चला गया। यह दृश्य देखकर यही अंदाजा हुआ कि इस किशोर को किसी न किसी पागल कुत्ते ने काटा हुआ है, जिस कारण वह रैबीज से ग्रसित है। देखना यह होगा कि कब तक उक्त किशोर को प्रशासन कुत्तों के बीच से निकालकर उसे बचाने का काम करता है। हालांकि यहां के प्रशासन को जगाना बड़ा मुश्किल काम है मगर ऐसी हृदयविदारक घटना सुनने के बाद किसी का मन पिंघल जाए तो शायद किसी बच्चे का जीवन बच सकता है, क्योंकि जब तक किसी भी इंसान के अंदर सांस चलती है तो एक उम्मीद जीवित रहती है कि कहीं न कहीं इस बालक को उपचार मिल जाता तो उसका जीवन बच भी जाता।

## शायद अमानवीय हो चुकी हैं संवेदनाएं किसी विभाग को कुत्तों और बंदरों से निजात दिलाने की परवाह ही नहीं

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में विभागों का हाल बुरा हो चला है। ढोल बजाने के बाद भी विभाग किसी भी परेशानी के हल के लिए जागते ही नहीं। हाल ही में 76 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा शिव चौक पर गले में तख्ती डालकर हाथों में बोर्ड लेकर यह मांग की थी कि शहर को कुत्तों व बंदरों से निजात दिलाओ। दो दिन के लिए नगर पालिका विभाग ने ढोंग रचा, कुछ बंदरों को पकड़वाया और फिर से बंदर पकड़ने की टीम अदृश्य हो गयी। गली-गली में दर्जनों नहीं सैंकड़ों कुत्ते होने के कई उदाहरण सामने आ चुके हैं। नगर में ही कुत्तों और बंदरों के काटने के बाद मौतें भी हो चुकी हैं, मगर चिंता तो सिर्फ उसी परिवार को होती है, जिस परिवार के घर का चिराग बुझता हो, बाकी सब तो दो दिन चर्चा करके भूल जाते हैं। ऐसे में जब तक किसी बड़े आदमी के परिवार के बच्चे अथवा बड़े के साथ कोई अप्रिय घटना घटित नहीं होती तब तक यहां का प्रशासन जागने को तैयार नहीं होगा। वैसे तो ऐसा दिन किसी के साथ न आए मगर ऐसे दिन झकझोर देने वाले दृश्य देखने के बाद भी यदि नगर का प्रशासन नहीं जागता तो वास्तव में हर मुद्दे पर हरेक आदमी को सड़कों पर उतरकर और गले में समस्याओं के बोर्ड लगाकर ही यहां के नेताओं और प्रशासन को जगाने का काम करना होगा।

## बच्चे के पास जाने से डरते रहे लोग

**मुजफ्फरनगर।** प्रकाश चौक वाली गली में जब उक्त किशोर को कुत्तों जैसी हरकतें देखा तो लोग जागरूक तो हुए और बुलेटिन को इसकी सूचना दी गयी मगर किशोर के पास जाने से इसलिए डरते रहे कि कहीं उक्त किशोर ने रैबीज के चलते किसी को काट लिया तो उनका या उनके बच्चों का बचना भी मुश्किल हो जाएगा, मगर जिसने भी इस दृश्य को देखा, उनके दिल वास्तव में पसीज गए और सबके मुंह से एक ही बात निकली कि मुजफ्फरनगर के नेता और प्रशासन हरेक काम में पूरी तरह फेल दिखाई पड़ते हैं, उन्हें वोट लेने के अलावा जनता से अब कोई लेना देना नहीं रह गया है। धीरे-धीरे नेताओं के प्रति आमजन के दिल में घृणित भावना भी उत्पन्न हो रही है, फिर वे नेता किसी भी पार्टी के क्यों न हो, दस दस साल बाद भी कुर्सी पर रहने, अपनी सरकार होने के बाद किसी भी समस्या का सम्पूर्ण तो क्या अधूरा समाधान करने में भी नाकामयाब दिखाई पड़ते हैं। मुद्दे पर हरेक आदमी को सड़कों पर उतरकर और गले में समस्याओं के बोर्ड लगाकर ही यहां के नेताओं और प्रशासन को जगाने का काम करना होगा।

# शुद्धता की जांच करने पहुंचे साहेबान, तो रसगुल्ले बनाते मिले भाईजान





**मुजफ्फरनगर/चरथावल, 15 अक्टूबर (बु.)।** त्यौहार के दिन नजदीक आ गए हैं और आपके लिए रसगुल्ले तैयार किये जा रहे हैं एवं नगर के अधिकारी अब शुद्धता की जांच करने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में घूम रहे हैं। शुद्धता की जांच के लिए चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुल्हेड़ी में खुद एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ सदर राजू कुमार साव व खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज पहुंचे और फैक्ट्रियों के नाम पर घरों में रसगुल्ले बना रहे लोगों की जानकारी हासिल की, जिसमें कुल्हेड़ी के कादिर अली और तसव्वर के यहां रसगुल्ले बनते दिखाई दिये। खाद्य विभाग की टीम ने सफेद रसगुल्लों को अपने कब्जे में ले लिया और सैम्पल जांच के लिए भेज दिये इस दौरान एसडीएम सदर निकिता शर्मा से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पिछल्ले लम्बे समय से फैक्ट्री बताकर चरथावल के कुल्हेड़ी में रसगुल्ले बनाने की सूचना मिल रही थी। उक्त रसगुल्ले व अन्य मिठाईयों के नमूने एकत्रित करने व पूरे मामले की जांच करने के लिए ही टीम ने आज कुल्हेड़ी में छापेमारी की। उक्त रसगुल्ले कितने शुद्ध हैं कितने नहीं यह कह पाना तो मुश्किल है मगर जिन हालातों में रसगुल्ले बनते पकड़े गए, उसे देखकर माना जा रहा है कि लैब में गए सैम्पल सम्भवतः अपने पैमाने पर खरे नहीं उतरेंगे। ऐसे में आम आदमी को त्यौहारों के अवसर पर क्या परोसा जायेगा यह कह पाना मुश्किल है। खुली आंख से जांचकर ही बाजारों में परोसी जा रही मिठाईयां खरीदनी होंगी।

## एसडीएम सदर ने की छापेमारी, झोलाछाप के क्लीनिक पर भी लगवाई सील



**चरथावल, 15 अक्टूबर (बु.)।** क्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी में चल रहे फर्जी क्लीनिक पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने सीओ सदर के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कोई कागजात न दिखाने पर एसडीएम सदर ने उक्त क्लीनिक को सील करने के निर्देश दिए, जिसके बाद नायब तहसीलदार प्रीति कुमारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उक्त क्लीनिक को सील कर दिया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी में मंगलवार को एसडीएम सदर निकिता शर्मा सीओ सदर राजू कुमार के साथ रसगुल्ला फैक्ट्री पर छापेमारी करने पहुंची थी। इसी दौरान एसडीएम सदर निकिता शर्मा को बिना बोर्ड लगाए एक क्लीनिक चलता मिला। छापेमारी के दौरान कोई कागजात न दिखाने पर एसडीएम सदर ने उक्त क्लीनिक को सील करने के निर्देश दिए, जिसके बाद नायब तहसीलदार प्रीति कुमारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उक्त क्लीनिक को सील कर दिया।

**शाईन डेन्टल एवं मैडिकल क्लीनिक**
महावीर चौक के पास, डा0 मुकेश जैन वाली गली, मुजफ्फरनगर मो0: 8791362345, 9045452123
दाँतों का अत्याधुनिक हॉस्पिटल
डा. जतिन गुप्ता B.D.S., M.D.S. रूट कैनाल एवं इम्प्लान्ट विशेषज्ञ
डा. शिफाली गुप्ता B.D.S., M.D.S. रूट कैनाल एवं कास्मेटिक विशेषज्ञ
अनेक समस्यायें : ● ढीला एवं चुभने वाला जबाड़ा ● निकले हुए दाँत की खाली जगह ● खाना चबाने में परेशानी
एक मात्र हल — डेन्टल इम्पलान्ट द्वारा फिक्स दाँत
शहर में पहली बार माइक्रोस्कॉप द्वारा सिंगल सिटिंग आर.सी.टी.
दाँतों की नसों का ईलाज मशीन द्वारा एक बार में ..
पूरे मुँह का एक्स-रे (OPG) की सुविधा उपलब्ध
रविवार अवकाश | समय- सुबह 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक सायं 5.00 बजे से सायं 7.30 बजे तक

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। **श्रद्धांजलि सभा** न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी परम पूज्य माताजी **श्रीमती सत्यवती** (पत्नी स्वर्गीय श्री महेन्द्र कुमार जी एडवोकेट) का स्वर्गवास सोमवार, दिनांक 07 अक्टूबर 2024 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।



**श्रीमती सत्यवती**

दिन-बृहस्पतिवार, दिनांक 17 अक्टूबर 2024

हवन ........................ प्रातः 11.00 बजे
स्थान : निज निवास

ब्रह्मभोज ...................................12:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी ..............................दोपहर 2 से 3 बजे
स्थान : द्वारिका सिटी, ए ब्लॉक पार्क, मु0 नगर

-: शोकाकुल परिवार :-

दी सनातन धर्म कॉलेज एसोसिएशन,
क्रिस्टल बालाजी इंडस्ट्रीज प्रा०लि०
दिशा इंडस्ट्रीज प्रा०लि०
श्री जय बालाजी स्टील रोलिंग मिल प्रा०लि०
चैम्बर्स ऑफ अनुभव कुमार (डिफेन्स कॉलोनी, न्यू दिल्ली)
एरीस पेट्रो इंडिया ट्रेडर्स (हरिद्वार)

उमा-पत्नी स्व0 सतेन्द्र कुमार (देवरानी)
आरती-पत्नी स्व0 दीपक कुमार (पुत्रवधु)
नीना-पत्नी स्व0 पंकज कुमार (पुत्रवधु)
प्रीती-नीरज कुमार (पुत्रवधु-पुत्र)
सपना -आकाश कुमार (पौत्रवधु-पौत्र)
अंकिता- अनुभव कुमार , अद्विका- ध्रुव कुमार (पौत्रवधु-पौत्र)
अनुष्का (पड़पौत्री), हदान कुमार (पड़पौत्र), प्रणाया (पड़पौत्री)

नीना -अरूण गुप्ता (पुत्री-दामाद)
पूजा-लव कुमार (भतीजवधु-भतीजा), भावना गुप्ता (पौत्री)
आंचल-अंकित मांगलिक (पौत्री एवं दामाद)
पूजा -गौरव जैन (पौत्री एवं दामाद)
रूचिका-नितिन जैन (धैयोती एवं दामाद)
राधिका-मनु राजवंशी (पौत्री एवं दामाद)
शिखा- शांतनु जैन (पौत्री एवं दामाद)
पल्लवी-वरूण गुप्ता (धयोतवधु एवं धयौता)
आकांक्षा -कार्तिक स्वरूप (पड़पौत्री एवं दामाद)

नोटः कृप्या पगड़ी लाने का कष्ट न करें।
Mob. 9219611001, 9837052898, 9810498020

